
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दवाई की पर्ची दिखाने के बाद भी काट दिया चालान

**लॉकडाउन उल्लंघन**

## दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों को जमकर काटे चालान

■ पूर्ण रूप से बंद के बाद भी लोगों का बाहर निकालना

**संवाददाता**

देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते राजधानी के प्रमुख चौराहों पर सीपीयू के जवानों व पुलिस कर्मचारियों ने दुपहिया वाहन व चौपहिया चालकों के चालान काटे और राजस्व में बढ़ोत्तरी किये जाने का काम किया। दून में शनिवार व रविवार को पूर्ण रूप से बंद रखने का ऐलान किये जाने के बाद भी लोगों का बाहर निकालना पूर्व की भांति बरकरार है और सीपीयू ने एक ऐसे वाहन चालक का चालान काटा जो अपनी दवाई लेकर अपने घर शास्त्रीनगर जा रहा था और पूरा विवरण दिये जाने के बाद भी उसका चालान काट दिया।

इस अवसर पर घंटाघर पर एक वाहन चालक चकराता रोड किशननगर आदर्शनगर से डा. विनित गुप्ता के यहां से मरीज को दिखाकर वापस लौट रहा था और दवाईयों की पर्ची दिखाने के बाद भी सीपीयू ने उसका चालान काट दिया, लेकिन सीपीयू जवान ने बताया कि डीएल व अन्य कागजात न होने के कारण उनका चालान काटा गया है।

वहीं अलग अलग स्थानों पर सीपीयू के जवानों व पुलिस कर्मचारियों का कहना था कि लॉकडाउन के चलते हुए दुपहिया वाहनो के चालान काटे गये जो लॉकडाउन का उल्लंघन किया और चालान काटने के बाद लॉकडाउन के नियमों का भी पाठ पढाया।

इस अवसर पर घंटाघर पर सीपीयू के जवानों ने दुपहिया वाहन चालकों के चालान काटे और इस दौरान कई लोगों ने विरोध भी किया लेकिन इसके बावजूद भी सीपीयू के जवानों व पुलिस कर्मचारियों ने लॉकडाउन का हवाला दिया और कहा कि लॉकडाउन का उल्लंघन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा और लगातार उल्लंघन करने वालों का चालान किया जा रहा है।




सुबह से ही कई दुपहिया वाहनों पर बिना किसी काम के सड़कों पर निकले तो चालकों को पुलिस, सिविल डिफेंस स्वयंसेवियों, रेडक्रास के स्वयंसेवकों व सीपीयू के जवानों ने रोका और सीपीयू के जवानों ने घर से बाहर आने का कारण पूछा तो वह कुछ नहीं बता पाये और ऐसे चालकों का जमकर चालान काटा और आगे से दुपहिया वाहन में एक ही व्यक्ति के आने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर प्रिंस चौक पर भी सीपीयू के जवानों व पुलिस कर्मचारियों ने दुपहिया वाहनों व चौपहिया वाहन चालकों का चालान काटा। इस दौरान सामाजिक दूरी का पूरा ध्यान रखा गया और वाहन चालकों को चालान काटने के वक्त सामाजिक दूरियां बनाये जाने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज डायरी

### स्वास्थ विभाग के खिलाफ आशा कार्यकर्ताओं में दिखा आक्रोश

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के थल में अब तक प्रोत्साहन राशि का बकाया भुगतान नही होने से क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ विभाग के खिलाफ खासा आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा है कि जल्द यदि प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही किया गया तो वे संबिधित महकमें के खिलाफ मोर्चा खोल देगें।

### विधायक व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिले में बांटें मास्क

**संवाददाता** पिथौरागढ़। भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधायक चंद्रा पंत की अगुवाई में जिले के विभिन्न वार्डो एवं मुख्य बाजारों में जाकर जिले के लोगों को मास्क बांटे। इस दौरान इलाके के लोगों को वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करने का प्रयास भी किया। वही इस दौरान भाजपा पार्टी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई कबीर जयंती

**संवाददाता** हरिद्वार। भोपतवाला के भगवानधाम कबीर आश्रम में कबीर जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर भगवान धाम के अध्यक्ष महंत सूर्यनारायण गोस्वामी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में आश्रम के प्रबंधक सचिव महंत सचिदानंद गोस्वामी ने कहा कीं देश की तरक्की तभी सम्भव हैं जब हम संत कबीर के बताये रास्ते पर चले और इसके लिए सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए आगे आने की आवश्यकता है।

### टोयोटा किर्लोस्कर ने कैमरी हाईब्रिड और वेलफायर की कीमत बढ़ाने की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज एलान किया कि कैमरी हाईब्रिड इलेक्ट्रीक व्हेकिल और द वेलफायर की कीमत जुलाई 2020 से बढ़ जाएगी। एक्सचेंज रेट में भारी वृद्धि के कारण यह वृद्धि आवश्यक हो गई है। सेल्फ चार्जिंग इलेक्ट्रीक व्हेकिल में टोयोटा के प्रमुख मॉडल में एक मानी जानी वाली नई पीढ़ी की कैमरी हाईब्रिड इलेक्ट्रीक व्हेकिल अपने डायनैमिक प्रदर्शन, स्टाइलिंग और आरामदेह इंटीरियर की बदौलत लक्जरी सेडान के अनुभव को पुनर्पारिभाषित करती है। भारत में टोयोटा की नवीनतम पेशकश द वेलफायर अपने अल्ट्रालक्जरीयस, शक्तिशाली और पारिस्थितिकी के लिहाज से उन्नत प्रदर्शन के कारण बिल्कुल खास है। साथ ही ईंधन की कम खपत और कम कार्बन फुटप्रिंट की विशेषता भी है। पेश किए जाने के बाद से दोनों ही मॉडल को खूब पसंद किया गया है और भारतीय बाजार में इनकी मांग स्थिर रही है।

# क्षतिग्रस्त बदहाल नहरो के भरोसे रवाई घाटी की धान रोपाई

**पुरोला मोरी क्षेत्र की 138 नहरों में अधिकांश क्षतिग्रस्त व बदहाल**

**संवाददाता** पुरोला। रामा व कमल सिराई क्षेत्र की अधिकांश क्षतिग्रस्त सिचाई नहरों का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जून के मध्य में क्षेत्र में लाल धान की रोपाई शुरू होने वाली किंतु अभी तक क्षेत्र की तमाम नहरों में मलवा व जगह–जगह क्षतिग्रस्त होने से धान पौध नर्सरी सिंचाई व रोपाई की दिक्कत होने लगी है।

निमार्ण के कई वर्षो से मरम्मत व पूर्न निमार्ण को बजट न मिलने के कारण सिचाईं विभाग की मोरी व पुरोला सब डिवजन की 138 नहरें मरम्मत अभाव में क्षतिग्रस्त है,हर वर्ष धान रोपाई व धान पौध नर्सरी सिंचाई को लेकर क्षेत्र के किसानों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।

उधर आज तक भलेही सिंचाई विभाग नहरों को मरम्मत कर खेतों तक पानी पंहुचाने लायक बना देता था किंतु सरकारी फरमान के अनुसार अब मनरेगा के तहत नहरों की सफाई की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग से हटाकर बीडीओ व प्रधानों को दे दी है,उधर प्रधानों का कहना है कि कम मजदूरी होने के कारण रास्तों, दीवालों पर मनरेगा में काम करनें को मजदूर तैयार नहीं होते तो नहरों की सफाई व मरम्मत कैसे होगी।

**सिंचाई विभाग ने झाड़ा पल्ला, अब वीडीओ मनरेगा से करायेंगे नहरों की सफाई**

ईई सिंचाई विभाग हिमांशु घिल्डियाल ने बताया कि शासन ने नहरों की सफाई का जिम्मा बीडीओ के माध्यम से ग्राम पंचायतों से कराने के निर्देश दिये हैं व सूचना के अनुसार क्षेत्र के कई नहरों पर प्रधानों ने सफाई कार्य शुरू भी करा दिया है।



# मानसून काल में भी पीड़ितों का दर्द कम होने के आसार ना के बराबर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। सीमांत तहसील मुंसयारी में रामगंगा और भुजगड़ नदी के किनारे बसी बस्तियों में रहने वाले हजारों की आबादी को इस साल भी दहशत के साए में ही मानसून काल काटना होगा। बता दें कि साल 2013 और 2019 की आपदा के बाद इन बस्तियों को बाढ़ से बचाने के लिए सुरक्षा दीवार बनाने की कागजी कवायद की गई।

यह कवायद आज तलक हकीकत में बदल नही पाई। बता दें कि साल 2013 में आई भीषण आपदा में सीमांत तहसील धारचूला के साथ ही मदकोट व मुसयारी के तल्ला जौहार क्षेत्र को भीषण आपदा की मार झेलनी पड़ी थी।

**दहशतः** आज भी सीमांत नाचनी क्षेत्र में यह काम आज भी अधर में ही लटका

**आश्वासन :**जैसे ही आदेश प्राप्त हो जायेगें तो काम शुरू होगा

वही नदी के तल से लगी सैकड़ों नाली उपजाउ भूमि को रामगंगा और भुजगड ने लील लिया। काफी तादात में मकान भी क्षतिग्रस्त हुए।

जानकारी के मुताबिक प्रभावित हुए स्थानों पर बाढ़ सुरक्षा कार्यक्रम के तहत नदियों के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने की कवायद शुरू हुई। यह कवायद पूरे करने का दावा भी किया जाने लगा। बता दें कि आज भी सीमांत नाचनी क्षेत्र में यह काम आज भी अधर में ही लटका हुआ है।

क्षेत्र के लोगों ने कई बार इस मांग को क्षेत्रीय प्रशासन के बीच रखा। इस पर अमल नही किया गया। बता दें कि अब आने वाले सप्ताह से मानसून काल शुरू हो जायेगा। इलाके के लोगों को दहशत के साये में अब भी रात गुजारने को मजबूर होना पड़ेगा। ऐसे हालातों में पीडितों के दर्द के कम होने के आसार कम ही लग रहे है।

वही इस मामले पर क्षेत्र के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला का कहना है कि शासन के अब तक बाढ़ सुरक्षा के कार्यों के लिए स्वीकृति नही मिल पाई है। जैसे ही स्वीकृति के आदेश प्राप्त हो जायेगें तो आगे काम शुरू हो पायेगा। क्षेत्र के लोगों में क्षेत्रीय प्रशासन के खिलाफ खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व घरों में पाठ कर मनाया

**संवाददाता** देहरादून। मीरी पीरी के मालिक छठे गुरु गुरु हरगोबिंद साहिब का पावन प्रकाश पर संगतो ने घरों में रहकर सुखमणी साहिब के पाठ कर एवं दरबार साहिब अमृतसर से लाइव कथा कीर्तन श्रवण कर मनाया। इस अवसर पर सभी अपने अपने घरों में रहे। इस अवसर पर सिख सेवक जत्था द्वारा अपना 58 वां वार्षिक कार्यक्रम गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व घरों में रहकर सुखमणी साहिब के पाठ कर सादगी पूर्वक मनाया। इस अवसर पर प्रातः तीन बजे से दरबार अमृतसर से भाई ओंकार सिंह एवं भाई जगतार सिंह द्वारा लाइव कीर्तन में सबद दीन दूनी दा पातशाह, पातशाह अडोला, दस्तगीर होए पंज पीर हर गुर हरगोविंद अतोला आदि को श्रवण किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने यूट्यूब पर कथा करते हुए कहा कि गुरु हरगोबिन्द साहिब ने मीरी एवं पीरी की दो तलवारें पहनकर भक्ति एवं शक्ति का मेल किया। गुरु साहिब ने सिखों के फैसले करने के लिए अकाल तख्त साहिब की स्थापना की।